# रीवा एयरपोर्ट से आज होगा फ्लाइट का ट्रायल रन

## डीजीसीए से एप्रूव्हल के पहले एयरपोर्ट पर लैंडिंग ट्रायल है अनिवार्य

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 अक्टूबर, विंध्य में पहली बार रीवा एयरपोर्ट पर 72 सीटर विमान लैंड करने जा रहा है. 28 अक्टूबर का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज किया जाएगा. इस दिन अलायंस एयरलाइंस का एटीआर 72 विमान उतरने जा रहा है. यदि लैंडिंग सही रही तो नवंबर से फ्लाइट शुरू हो जाएगी.**

आपको बता दें कि रीवा एयरपोर्ट अब छोटे विमानों से बड़े विमानों की तरफ अग्रसर हो रहा है. एक साल इसके शुभारंभ के पूरे हो गए हैं. अब तक यहां से 6 और 12 सीटर विमान ही उड़ रहे थे. अब 72 सीटर विमानों के उड़ने की बारी है अलायंस ने पहले अक्टूबर से ही हवाई सेवा शुरू करने की योजना बनाई थी. हालांकि डीजी से अनुमति नहीं मिलने के कारण प्रोजेक्ट कुछ दिन और डिले हो गया है. अब नवंबर से रीवा एयरपोर्ट से 72 सीटर विमान उड़ते नजर आएंगे. विंध्य के लोगों को बड़े एयरोप्लेन में बैठने का मौका मिलेगा. इसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं.

**एप्रूव्हल के बाद शुरू हो जाएगी विमान की बुकिंग**-रीवा एयरपोर्ट पर 28 अक्टूबर को अलायंस का एटीआर 72 लैड करने जा रहा है. इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है. लैंडिंग ट्रायल में यदि विमान खरा उतरा तो इसका रीवा से उड़ना तय हो जाएगा. किसी भी एयरपोर्ट से विमान के उड़ने के लिए ट्रायल लैंडिंग कराई जाती है. यही ट्रायल 28 अक्टूबर को होने जा रहा है. ट्रायल लैंडिंग के बाद डीजी से एप्रूव्हल लिया जाएगा. इसके बाद प्लेन की बुकिंग शुरू हो जाएगी.




**1 जनवरी से इंडिगो भी भरेगा उड़ान**-रीवा एयरपोर्ट विंध्य के लोगों को दोहरी खुशी देने वाला है. यहां से सिर्फ एक ही एयरलाइंस 72 सीटर विमान नहीं उड़ाएगी. अलायंस के पीछे पीछे इंडिगो भी आ रही है. नवंबर में अलायंस तो जनवरी में इंडिगो भी अपनी सेवाएं शुरू कर देगा. 1 जनवरी 2026 का दिन फिलहाल तय किया गया है.

**नवंबर में सेवा के शुरू होने की उम्मीद**-अलायंस ने पहले से ही सारी तैयारियां कर ली है. अब सिर्फ एप्रूव्हल का ही इंतजार है. इसके बाद स्टेशन बनाने का काम शुरू हो जाएगा. कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी. फिर शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा. आनलाइन बुकिंग शुरू हो जाएगी. नवंबर में अलायंस एयरलाइंस का 71 सीटर विमान दिल्ली के लिए उड़ान भरने लगेगा.

### इनका कहना है

28 अक्टूबर को एटीआर 72 का लैडिंग ट्रायल है. इसके बाद डीजी से एप्रूव्हल के बाद बुकिंग शुरू हो जाएगी. नवंबर में अलायंस सेवाएं देना शुरू कर देगी. इंडिगो 1 जनवरी 2026 से 72 सीटर विमान उड़ाने की तैयारी में है.

**रामजी अवस्थी,**
निदेशक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया

### विंध्य का लाल उड़ाकर पहुंचाएगा दिल्ली तक



एलायंस एयर की उड़ान अब जल्दी ही रीवा वासियो को देश की राजधानी दिल्ली तक ले जाया करेगी. यह उड़ान एलायंस एयर के (ए टी आर 72-600) नामक विमान जो कि 72 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने में सक्षम है से होगी. एलायंस एयर द्वारा संचालित यह विमान सेवा मंगलवार 28 अक्टूबर से प्रारंभ होगी. इसकी पहली प्रामाणिक उड़ान जबलपुर-रीवा-जबलपुर की होगी जो कि नगर विमानन के स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के अधीन होगी एलायंस एयर की पहली वाणिज्यिक उड़ान के परिचालक कप्तान क्षितिज गुप्ता-प्रमुख प्रचालक होंगे विशेष बात यह कि अपने ही शहर रीवा के निवासी कप्तान राघव मिश्रा-प्रमुख समन्वयक (प्रचालन एवं प्रशिक्षण) होगे. कप्तान राघव मिश्रा रीवा शहर के ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र रहे हैं उनके लिए यह अत्यंत ही गौरव की उड़ान है. उन्होने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला और नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू के प्रति अपना आभार ज्ञापित किया.




## भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई

### एनसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। एनसीएल में आज दिन सोमवार 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत मनाए जा रहे, इस सप्ताह का शुभारंभ एनसीएल मुख्यालय में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ हुआ।**

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार ने उपस्थित एनसीएल कर्मियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। अपने उद्बोधन में निदेशक मनीष कुमार ने इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी को समसामायिक बताते हुए इसकी व्यापकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में निवारक सतर्कता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, एनसीएल मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मी मौजूद रहे।

BIS 916 हालमार्क ज्वेलरी
सोना, चांदी, हीरा, रत्न
श्री कृष्ण ज्वेलर्स
पता : पन्नी लाल चौक, सतना
Mob.- 9479866550

# ट्रेन की कपलिंग टूटी, घने जंगल के बीच यात्रियों ने गुजारी रात

## गति कम होने के कारण बड़ी दुर्घटना टली, रेलवे ने दिए जांच के आदेश





नवभारत न्यूज

**सतना 27 अक्टूबर. सतना-मानिकपुर रेलखण्ड पर मझगवां और टिकरिया रेलवे स्टेशन के बीच रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक बड़ी दुर्घटना होते-होते रह गई. बोगी की कपलिंग टूट जाने के कारण ट्रेन दो हिस्से में बंट कर रह गई.**

यह तो गनीमत रही कि कपलिंग टूटने के दौरान ट्रेन की गति काफी कम थी. जिसके चलते ट्रेन पटरी ने नहीं उतरी. लेकिन इस घटना की वजह से ट्रेन में सवार यात्रियों को उस घने जंगल के बीच रात गुजारनी पड़ी जहां पर कभी दस्यु गिरोहों का आतंक हुआ करता था. प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकमान्य तिलक टर्मिनस से भागलपुर की ओर जाने वाली 12336 सुफा एक्सप्रेस रविवार-सोमवार की दरमियानी रात लगभग 2 बजे सतना रेलवे स्टेशन से निकली थी. मझगवां रेलवे स्टेशन पार करने के बाद जब यह ट्रेन आगे बढ़ी तो टिकरिया रेलवे स्टेशन से पहले मारकुण्डी के निकट कॉशन आर्डर यानी धीमी गति से ट्रेन चलाने का निर्देश लागू था. जिसके चलते लोको पायलट द्वारा ट्रेन को महज 10-15 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उक्त क्षेत्र से गुजारा जा रहा था. लेकिन इसी दौरान रात के 2 बजकर 54 मिनट पर ट्रेन की एस-1 बोगी की कपलिंग अचानक टूट गई. जिसकी वजह से 1 जनरल कोच और उसके पीछे लगा एलएलआर यानी गार्ड यान कोच ट्रेन से अलग हो गए. वहीं कपलिंग टूटने के कारण ट्रेन में प्रेशर ड्राप हो गया. जिसके चलते ट्रेन लगभग 100 मीटर आगे जाकर खड़ी हो गई. घटना को देखते हुए ट्रेन के लोको पायलट और गार्ड द्वारा पहले आपस में संपर्क कर स्थिति की पुष्टि की गई. जिसके बाद मामले की सूचना निकट स्थित रेलवे स्टेशन को दी गई. जहां से होते हुए यह जानकारी सतना रेलवे स्टेशन पर पहुंची. मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय प्रबंध्रक सतना नरेश सिंह, स्टेशन प्रबंधक सतना अब्दुल मतीन के साथ सी एण्ड डब्लू स्टाफ फौरन ही मौके के लिए रवाना हो गया. इसी कड़ी में आरपीएफ और जीआरपी स्टाफ भी रवाना हो गया.

### दहशत में गुजरी की रात

रात के तीन बजे ट्रेन में सवार अधिकांश यात्री गहरी नींद में सोए हुए थे. लेकिन इस घटना के चलते धीरे-धीरे कर सभी जगाने लगे. दरवाजे से बाहर देखने पर दोनों ओर घनघोर जंगल और दो हिस्से में बंटी ट्रेन दिखाई दी. जिसके चलते भयभीत यात्रियों ने सभी लोगों से ट्रेन के खिड़की-दरवाजे बंद रखने की अपील की. इसी दौरान कुछ यात्रियों द्वारा जानने का प्रयास भी किया गया कि रेलवे की ओर से क्या प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें कहीं से कोई जानकारी नहीं मिल सकी. लिहाजा सुबह का उजाला होने तक ट्रेन में सवार यात्री सांसत में एक एक पल बिताने को मजबूर रहे. सुबह जब रेलवे स्टॉफ की चहलकदमी नजर आई तब कहीं जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली.

### सुबह 7 बजे रवाना हुई ट्रेन



मौके पर पहुंचे रेलवे स्टॉफ ने पाया कि एस-1 कोच की कपलिंग खराब हो चुकी है. लिहाजा उसे दोबारा जोड़ने पर आगे चलकर खतरा हो सकता है. जिसके चलते एस-1 कोच में सवार सभी यात्रियों को ट्रेन की दूसरी बोगियों में जगह दी गई. जिसके बाद एस-1 कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया. इसी कड़ी में पीछे छूटे जनरल और एसएलआर कोच को ट्रेन से दोबारा जोड़ा गया. इस कवायद के चलते 4 घंटे बीत चुके थे. लिहाजा सोमवार की सुबह 7 बजे ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया. इस पूरे घटनाक्रम के दौरान सतना मानिकपुर रेलखण्ड का डाउन ट्रैक बाधित बना रहा. जिसके चलते पीछे चल रही ट्रेनों को अलग अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा. ट्रेन की कपलिंग टूटने के पीछे उपकरण में खामी थी अथवा जिम्मेदारों की अनदेखी, इसकी जानकारी तभी सामने आ पाएगी जब मंडलीय रेल प्रबंधन के समक्ष विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी.

# मोबाइल चोरी के शक में युवक की पेड़ में बांध कर बेरहमी से पिटाई

▸ माड़ा पुलिस ने आधा दर्जन अपराधियों के विरुद्ध दर्ज किया अपराध, तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सितुलखुर्द गांव में पिछले दिनों मोबाइल चोरी के शक में एक युवक को बंधक बनाकर जमकर धुनाई किया। बेरहमी से पिटाई करने का किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस हरकत में आई और आधा दर्जन आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है।**

जानकारी के अनुसार माड़ा थाना क्षेत्र के सितुलखुर्द गांव में 25 अक्टूबर को छठ के कार्यक्रम में एक युवक का मोबाइल गुम गया। जहां इस शक के आधार पर सितुलखुर्द निवासी युवक धर्मेन्द्र शाह पिता हंशलाल शाह उम्र 30 वर्ष को गनियारी लाया और पेड़ में बांध कर आधा दर्जन आरोपियों ने लाठी-डण्डे से बेरहमी से पिटाई करने लगे और जब तक युवक अचेत नही हो गया, तब तक पिटाई जारी रही।

इस पिटाई का वीडियों भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। माड़ा टीआई शिवपूजन मिश्रा ने एसडीओपी गौरव पाण्डेय आईपीएस के निर्देश पर वीडियों की शिनाख्त कराया। साथ ही मारपीट करने वाले आरोपियों की भी पहचान की गई।

पुलिस ने आरोपी जमादार पिता सूरजलाल शाह उम्र 45 वर्ष, सत्यम शाह पिता जमादार शाह उम्र 18 वर्ष, कृष्णा शाह पिता बुद्धलाल शाह उम्र 21 वर्ष, आशीष शाह पिता लालचन्द्र सेन उम्र 23 वर्ष, चंदन शाह पिता गुड्डू शाह व एक बाल अपचारी सभी निवासी गनियारी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### इनका कहना है

25 अक्टूबर को युवक छठ के कार्यक्रम में गया था। जहां मोबाइल की चोरी हो गई थी, उसी के शक में युवक को कोतवाली थाना क्षेत्र के गनियारी में ले जाकर मारपीट की गई है। फिलहाल युवक की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और पूछताछ जांच की जा रही है।

**गौरव पांडेय**
एसडीओपी, मोरवा

# सतना का मेडीकल कॉलेज अटल जी के नाम

## समिति की अनुशंसा के बाद शासन ने जारी किया आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 27 अक्टूबर.** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार तत्संबंध में गठित समिति के निर्णय के अनुसरण में सतना जिले के शासकीय मेडीकल कॉलेज सतना का नामकरण भारत रत्न पं. अटल बिहारी बाजपेयी जी मेडीकल कॉलेज सतना किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने तत्संबंधी आदेश जारी कर दिये हैं।





## कलेक्टर व एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। कलेक्टर गौरव बैनल एवं एसपी मनीष खत्री ने छठ पूजा को मद्देनजर रखते हुए संयुक्त रूप से छठ घाटों का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्थाएं उत्पन्न ना हो, जिसके लिए सतत निगरानी बनाए रखें।**

निरीक्षण के दौरान छठ घाट जयंत स्थित बीसीटी छठ घाट एवं दुद्धिचुआ में स्थित सेक्टर बी छठ घाट का निरीक्षण किया। इसके अलावे भी संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस के अधिकारियों द्वारा छठ के लिए निर्धारित किए गए घाटों का सतत निगरानी की जा रही है। भ्रमण के दौरान एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा, तहसीलदार जानवी शुक्ला, अभिषेक यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नौकरी के लिए अजंता राधा कंपनी के यहां उमड़ा जनसमूह

## 293 विभिन्न पदों के विरुद्ध हजारों बेरोजगार लाइन में लगे

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। एनसीएल परियोजना ब्लॉक-बी गोरबी में ओबी कंपनी अजंता राधा ने विभिन्न ट्रेडो के स्टाफ की भर्ती शुरू किया है।**

आज दिन सोमवार को कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर उक्त ओबी कंपनी ने कर्मचारियों के भर्ती चयन के लिए शिविर लगाया था। जहां भारी संख्या में युवा बेरोजगार शिविर में पहुंचे। इस दौरान दलाल भी शिविर का परिक्रमा करते रहे। दरअसल एनसीएल ब्लॉक-बी गोरबी स्थित नीरज चोपड़ा स्टेडियम में अजंता राधा कंपनी द्वारा भर्ती प्रक्रिया जारी है। करीब 293 अलग-अलग पदों पर भर्ती के लिए आवेदन लिए जा रहे है। सुबह से ही स्टेडियम में युवाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर ये भर्ती प्रक्रिया चल रही। नौकरी पाने के लिए सुबह से ही युवाओं की कतार लगी थी। लेकिन इस बीच दलाल भी सक्रिय दिखे। अपना-अपना दबदबा बनाने के लिए शिविर परिसर में दलाल परिक्रमा करते नजर आये। हालांकि कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद दलाल भी बेचैन नजर आये। वहीं इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजामात किया गया। गोरबी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था संभाल रखी थी।



आवश्यकता है केयर टेकर की
आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.
कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.
12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-
संपर्क करें
9826461065

# जांच में बिना फार्मासिस्ट के मिली दवा दुकान, तीन पर प्रशासन ने की कार्रवाई

## शासन के आदेशपर की जा रही जांच, संयुक्त टीम ने देखी दवा दुकानों की व्यवस्था





नवभारत न्यूज

**सतना 27 अक्टूबर. एसडीएम, डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर और औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को शहर की दवा दुकानों की जांच की गई. इस दौरान फमासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाई बेचे जाने के कारण 3 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई.**

एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर दवा दुकानों की जांच की गई. संयुक्त जांच टीम में एसडीएम के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती डॉ. नलिनी शुक्ला, औषधि निरीक्षक श्रीमती प्रियंका चौबे और लिपिक सीएमएचओ कार्यालय आशुतोष पयासी शामिल रहे. टीम द्वारा की गई जांच में कुछ दुकानें ऐसी पाई गईं जहां पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में ही दवाएं बेची जा रही थीं. लिहाजा औषधि और प्रसाधन अधिनियम तथा औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनिसम का स्पष्ट उल्लंघन होता पाए जाने पर ऐसी 3 दुकानों को सील करने की कार्रवाई की गई.

सील की जाने वाली दवा की दुकानों में रहेजा मेडिकल, प्रत्यक्ष मेडिकल और शीतलाज मेडिकल शामिल हैं. एसडीएम के अनुसार संबंधित औषध्णि विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा. नोटिस का संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी.

इचलकरंजी महानगरपालिका, इचलकरंजी
जि. कोल्हापूर
घनकचरा व्यवस्थापन विभाग
ई-निविदा सुचना क्र. ५/२०२५-२०२६
इचलकरंजी महानगरपालिका घनकचरा व्यवस्थापन विभागाकडून इचलकरंजी शहरातील नेमून दिलेल्या क्षेत्रामध्ये घनकचरा व्यवस्थापनाशी निगडीत दैनंदिन कामकाजाकरिता मनुष्यबळ पुरविणेबाबत ई-निविदा मागविण्यात येत आहेत. सदर ई-निविदा http://mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर दि. २८/१०/२०२५ सकाळी ११ वाजलेपासून दि. ७/११/२०२५ रोजी दुपारी ११.०० वाजेपर्यंत पहावयास मिळेल. भरलेल्या निविदा सादर करणेची अंतीम तारीख दि. ७/११/२०२५ दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत राहील. प्राप्त निविदा दि. ७/११/२०२५ रोजी दुपारी ४.०० वा. उघडणेत येतील. निविदासंबंधी सर्व अटी शर्ती/माहिती घनकचरा व्यवस्थापन विभागाकडे कार्यालयीन कामकाजाचे दिवशी व वेळेत म.न.पा.नोटीस फलकावर तसेच उपरोक्त संकेतस्थळावर पहावयास मिळतील.
सही/-
उपायुक्त,
इचलकरंजी महानगरपालिका

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99